प्रेषक,

उप निदेशक पंचायत,
कानपुर मण्डल, कानपुर।

सेवा में,

जिला पंचायत राज अधिकारी,
औरैया एवं कन्नौज।

पत्र संख्या– 1301 / मं0पं0 / डी0पी0एम0 / जी0पी0डी0पी0–कैम्पेन / 2018–19 दिनांक 30-10-2018

**विषयः– राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत जी0पी0डी0पी0–कैम्पेन हेतु मीडिया कार्यशाला के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक महोदय के पत्र संख्या–431 / 1454 / 2018–RGSA / 13 / 2018, लखनऊ दिनॉक 08.09.2018 एवं मण्डल कार्यालय के पत्र संख्या 1253 / मं0पं0 / डी0पी0एम0 / जी0पी0 डी0पी0–कैम्पेन / 2018–19 दिनांक 17.10.2018 सन्दर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा जनपदो को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत जी0पी0डी0पी0–कैम्पेन हेतु जनपद स्तरीय 01 दिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन कराया जाना है, परन्तु अभी तक आपके जनपद में मीडिया कार्यशाला का आयोजन नहीं कराया गया है जो कि असंतोषजनक है। दिनांक 29.10.2018 को निदेशक महोदय की अध्यक्षता में हुयी समीक्षा बैठक में आपके जनपद में मीडिया कार्यशाला का आयोजन न होने के कारण काफी रोष व्यक्त किया गया। निदेशक महोदय ने उक्त कार्यशाला का आयोजन जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिये है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि अपने जनपद में मीडिया कार्यशाला का आयोजन अविलम्ब कराये एवं जी0पी0डी0पी0–कैम्पेन के अन्तर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना 2019–20 के निर्माण की कार्यवाही ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

30/10/18

(एस0 के0 सिंह)
उप निदेशक पंचायत,
कानपुर मण्डल, कानपुर।

**पत्र संख्या** 1301 **/तद्दिनांक**

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मुख्य विकास अधिकारी औरैया एवं कन्नौज।
2. निदेशक, पंचायती राज उत्तर प्रदेश लखनऊ की सेवा में सादर सूचनार्थ।

(एस0 के0 सिंह)
उप निदेशक पंचायत,
कानपुर मण्डल, कानपुर।